तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.05.2026	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उभय पक्ष उपस्थित। विपक्षी संख्या 5 से 8 व 12, 13 की तामील अब तक शेष है। अधिवक्ता प्रार्थीगण ने आज भी विपक्षी संख्या 5 से 8 व 12, 13 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया। अधिवक्ता प्रार्थीगण ने प्रकरण प्रस्तुत करने की दिनांक 20.07.2021 के पश्चात् आदिनांक तक अर्थात् लगभग 04 वर्ष 10 माह की अवधि व्यतीत होने के बाद भी आदिनांक तक विपक्षी संख्या 5 से 8 व 12, 13 की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया। अधिवक्ता प्रार्थीगण को नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु पर्याप्त अवसर दिए गए तथा न्यायहित में नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु दिनांक 10.03.2026 को अंतिम अवसर भी दिया जा चुका था उसके बाद भी अधिवक्ता प्रार्थीगण के निवेदन पर उन्हें न्यायहित में अंतिम अवसर देने के उपरान्त भी एक अतिरिक्त अवसर ओर प्रदान कर निर्देशित किया गया कि आगामी पेशी पर नोटिस प्रोसेस पेश नहीं करने पर कोई अवसर देय नहीं होकर पत्रावली खारिज कर दी जावेगी फिर भी उनके द्वारा विपक्षी संख्या 5 से 8 व 12, 13 की तामील हेतु आज भी नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है अर्थात् वे अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। अतः अब प्रकरण आदेश 09 नियम 05 सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official	